विवि के स्टॉल का सीएम ने किया अवलोकन

नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में उच्च शिक्षा विभाग की लगी प्रदर्शनी

नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर में राज्योत्सव में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गये प्रदर्शनी डोम में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर का भी स्टॉल लगाया गया है। राज्योत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर विश्वविद्यालय के प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने विवि की एकेडमिक गतिविधियों से संबंधी फ्लेक्स और कालीपुर में प्रस्तावित विवि के नए भवन के बिल्डिंग मॉडल की सराहना की। विवि के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सजीवन कुमार ने इस दौरान जनजातीय विद्यार्थियों के लिए बहुविषयी शिक्षा, शोध की स्थिति, विकास के आगामी योजनाओं और क्रियान्वयन प्रक्रिया से मुख्यमंत्री श्री साय को अवगत कराया। मुख्यमंत्री जी के अवलोकन के दौरान उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर. प्रसन्ना सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे। विवि की ओर से सह-प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार सोनी और अतिथि व्याख्याता राहुल सिंह, पूजा ठाकुर व श्रद्धा डोंगरे ने राज्योत्सव में अवलोकन के दौरान विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। बस्तर विवि के स्टॉल अवलोकन के लिए कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित विवि परिवार ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार जताया है।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नयी व्यवस्था :- ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और पीएम उषा योजनांतर्गत बस्तर क्षेत्र के जनजातीय छात्र-छात्राओं के बेहतर उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विवि को 100 करोड़ रुपये बजट प्रावधान किया गया है। इसके माध्यम से न केवल विवि के इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा, बल्कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन और शोध की नई व्यवस्था शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

बस्तर विवि के स्टॉल का सीएम ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर में राज्योत्सव पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गये प्रदर्शनी डोम में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय

- नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में उच्च शिक्षा विभाग की लगी प्रदर्शनी

बस्तर का भी स्टॉल लगाया गया है।

राज्योत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर विश्वविद्यालय के प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विवि की एकेडमिक गतिविधियों से संबंधी फ्लेक्स और कालीपुर में प्रस्तावित विवि के नए भवन के बिल्डिंग मॉडल की सराहना की। विवि के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ

सजीवन कुमार ने इस दौरान जनजातीय विद्यार्थियों के लिए बहुविषयी शिक्षा, शोध की स्थिति, विकास के आगामी योजनाओं और क्रियान्वयन प्रक्रिया से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

विवि की ओर से सह-प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार सोनी और अतिथि व्याख्याता राहुल सिंह, पूजा ठाकुर व श्रद्धा डोंगरे ने राज्योत्सव में अवलोकन के दौरान विश्वविद्यrलय का प्रतिनिधित्व किया। बस्तर विवि के स्टॉल अवलोकन के लिए कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित विवि परिवार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और पीएम उषा योजनांतर्गत बस्तर क्षेत्र के जनजातीय छात्र-छात्राओं के बेहतर उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विवि को 100 करोड़ रुपये बजट प्रावधान किया गया है। इसके माध्यम से न केवल विवि के इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा बल्कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन और शोध की नई व्यवस्था शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner